## खबर संक्षेप

### विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने गौशाला का किया भ्रमण



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलिमा खरे के मार्गदर्शन में एम एस डब्ल्यू (मास्टर ऑफ सोशल वर्क) के विद्यार्थियों द्वारा फील्ड वर्क कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय श्री कृष्ण गोपाल गौशाला विचारपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। प्रवीण नामदेव ने बताया कि कृषि वैज्ञानिक डॉ भानु प्रताप सिंह ने विचारपुर में चारागाह भूमि पर गौशाला संचालन की सलाह दी, तत्कालीन एसडीएम गजेंद्र सिंह ने सहयोग देकर गौशाला संचालन में मदद की। शुरू में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जैसे दूर नदी से पानी लाना पड़ता था, उस समय समिति के सदस्यों व्यास नारायण पाठक, संजीव द्विवेदी, इस्तियाक ,पवन ,साकेत सिंघानिया, प्रवीण नामदेव, राजेश निर्मलकार,विकास चपरा,अभिषेक श्रीवास्तव, आदि के द्वारा स्वयं के ख़र्चे से गौशाला का संचालन किया जाता था। बाद में समिति का गौ संवर्धन बोर्ड से पंजीयन हुआ। गौशाला में गांव के कई परिवारों को रोजगार दिया जा रहा है। वर्तमान में 150 से ज्यादा गौवंश का संवर्धन एवं संरक्षण किया जा रहा है। साथ ही चारागाह भूमि का भी संरक्षण किया जा रहा है। छात्रों ने गौशाला संचालकों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और चुनौतियों को भी समझा। इस अवसर पर छात्रों ने पशु कल्याण, पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा भावना के महत्व पर चर्चा की। साथ ही गौशाला को स्वावलंबी बनाने हेतु दान, स्वयंसेवा एवं जन जागरूकता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्थान के मार्गदर्शक शिक्षक नितिन गर्ग ने बताया कि इस प्रकार के फील्ड वर्क से छात्रों को समाजिक कार्यों का व्यावहारिक अनुभव मिलता है तथा उनमें करुणा, जिम्मेदारी और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास होता है। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### 20 दिसम्बर को बास्केटबाल प्रतियोगिताओ के परिणाम



**शहडोल।** शहडोल में राष्ट्रीय बास्केट बाल प्रतियोगिता के लिए 4 बास्केट बाल मैदान निर्धारित किये गए है जिसमें शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम, गुड शेफर्ड कान्वेंट स्कूल, डाइट परिसर, शासकीय कन्या महाविद्यालय के मैदान परिसर शामिल है। राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता अंतर्गत 20 दिसम्बर को प्रातः7 बजे से महात्मा गांधी स्टेडियम में दिल्ली वर्सेस चंडीगढ़ जिसमें दिल्ली की टीमविजय,विद्या भारती वर्सेस मध्यप्रदेश जिसमें मध्य प्रदेश की टीम विजय,मेघालय वर्सेस गुजरात जिसमें गुजरात की टीम विजय, आंध्रप्रदेश वर्सेस केंद्रीय विद्यालय जिसमें केंद्रीय विद्यालय की टीम विजय,आईपीएससी वर्सेस केबीएसई जिसमें केबीएसई की टीम विजय,गुड शेफर्ड मैदान में आईबीएसई वर्सेस सीबीएसई वालवेयर स्पोर्ट्स जिसमें सीबीएसई की टीम विजय,एनव्हीएस वर्सेस झारखंड जिसमें झारखंड की टीमविजय, पश्चिम बंगाल वर्सेस आंध्रप्रदेश जिसमें आंध्र प्रदेश की टीमविजय, केरल वर्सेस उत्तरप्रदेश जिसमें केरल की टीम विजय,तमिलनाडू वर्सेस राजस्थान जिसमें तमिलनाडु की टीम विजय, बीटीआई परिसर में प्रातः 7 बजे से महाराष्ट्र वर्सेस पंजाब जिसमें महाराष्ट्र की टीम विजय, तेलगाना वर्सेस सीआईएससीई जिसमें तेलंगाना की टीम विजय, जम्मू कश्मीर वर्सेस बिहार जिसमें बिहार की टीम विजय,कर्नाटक वर्सेस उत्तराखंड जिसमें कर्नाटक की टीम विजय,दोपहर 3 बजे से महात्मा गांधी स्टेडियम में महाराष्ट्र वर्सेस सीआईएससीई जिसमें महाराष्ट्र की टीम विजय, बीटीआई परिसर में केरल वर्सेस आंध्रप्रदेश जिसमें केरल की टीम विजय हुई।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी 228 किमी लंबी सीवर लाइन गुरुत्वाकर्षण के नियमों को रौंदने को तैयार ठेका कंपनी

# शहडोल में विकास के नाम पर विनाश की इबारत!

शहडोल।

संभागीय मुख्यालय इन दिनों एक ऐसे नासूर से जूझ रहा है, जिसे कागजों पर आधुनिक विकास का नाम दिया गया था। वर्ष 2022 में जिस 228 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन परियोजना का आगाज शहर को प्रदूषण मुक्त करने के सपने के साथ हुआ था, वह आज जनता के लिए गले की फांस बन चुकी है। 2023 में पूर्ण होने वाला यह प्रोजेक्ट समय सीमा लांघ चुका है, लेकिन ठेका कंपनी की सुस्ती और रसूख के आगे प्रशासन नतमस्तक है। नतीजा यह है कि कंपनी को खैरात की तरह एक्सटेंशन बांटे जा रहे हैं और शहर की जनता धूल, गड्ढों और तकनीकी खामियों के नरक में जीने को मजबूर है।





### जमीन के नीचे टैंक आसमान पर चेंबर!

सीवर लाइन के नाम पर शहडोल में जो इंजीनियरिंग का तमाशा चल रहा है, वह हैरान करने वाला है। शहर के अधिकांश घरों के सेप्टिक टैंक और निकासी पाइप सालों पहले जमीन की गहराई के हिसाब से बनाए गए थे। अब ठेका कंपनी जो चेंबर बना रही है, उनकी ऊंचाई घरों के निकासी द्वारों से 2 से 3 फिट ऊपर है। सवाल यह है कि पानी नीचे से ऊपर की ओर कैसे बहेगा? क्या कंपनी ने गुरुत्वाकर्षण के नियमों को बदलने का ठेका ले लिया है? मौके पर तैनात . मजदूर आम जनता को सलाह दे रहे हैं कि अपना टैंक ऊंचा उठवा लीजिए। यह उन मध्यमवर्गीय और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के साथ क्रूर मजाक है, जिनके पास न तो घर में जगह बची है और न ही दोबारा निर्माण कराने का बजट है।

### 4-6 इंची पाइप और दोयम दर्जे का मटेरियल

परियोजना की मॉनिटरिंग का आलम यह है कि मौके पर न तो एमपी अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के तकनीकी अधिकारी दिखते हैं और न ही कंसल्टेंट। चेंबर बनाने में पीली ईंट और डस्ट युक्त घटिया रेत का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। जानकारों का दावा है कि जो पाइप बिछाए जा रहे हैं, उनकी मोटाई इतनी कम है कि वे सीवर के दबाव को झेल ही नहीं पाएंगे। मुख्य लाइन के लिए मात्र 4 से 6 इंच के पाइप का उपयोग किया जाना भविष्य में चौकिंग की बड़ी समस्या को आमंत्रण दे रहा है।

### जनप्रतिनिधियों का मौन

शहर की सडक़ें बदहाल हैं, धूल से लोगों के फेफड़े खराब हो रहे हैं, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि जैसे चुनावी मोड से बाहर ही नहीं आना चाहते। वार्डों में जनता त्राहि-माम कर रही है, पर किसी भी माननीय ने कंपनी की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाने की जहमत नहीं उठाई। नौकरशाहों की गाड़ी के शीशे शायद इतने काले हैं कि उन्हें सडक़ों की दुर्दशा और जनता का दर्द नजर नहीं आता। ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पालिका और प्रशासन ने जनता की सहूलियत के बजाय निर्माण एजेंसी के हितों को सर्वोपरि मान लिया है।

### कौन है इस प्रोजेक्ट कामाई-बाप?

प्रोजेक्ट में काम करने वाली एजेंसियों का जाल इतना उलझा हुआ है कि जवाबदेही तय करना मुश्किल है, गड्ढे खोदने वाली एजेंसी कोई और थी, चेंबर बनाने वाली टीम कोई और है। घरों से कनेक्शन जोडऩे का काम किसी तीसरी टोली को सौंपा जाएगा। इस त्रिभुज में यदि कल को सीवर लाइन फेल होती है, जिसकी पूरी संभावना है तो, दोष किस पर मढ़ा जाएगा? क्या यह जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपयों को नाली में बहाने की साजिश है?

### आने वाले दिनों में मचेगा हाहाकार

वर्तमान में शहरवासी टूटी सडक़ों और बेतरतीब निर्माण की मार झेल रहे हैं, लेकिन असली मुसीबत तब आएगी जब जबरन कनेक्शन का दबाव बनाया जाएगा। जब घरों का गंदा पानी चेंबर ऊंचा होने के कारण वापस घरों में घुसेगा, तब यह सीवर लाइन शहडोल के लिए सबसे बड़ी त्रासदी साबित होगी। क्या मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में तकनीकी विशेषज्ञों का अकाल पड़ गया है या फिर कंसल्टेंट और ठेकेदार की जुगलबंदी ने अधिकारियों की आंखों पर पट्टी बांध दी है? यदि समय रहते इस प्रोजेक्ट की तकनीकी खामियों को दुरुस्त नहीं किया गया और गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई, तो शहडोल नगर पालिका के इतिहास का यह सबसे बड़ा सफेद हाथी साबित होगा।

विधायक ने किया एक्स-रे मशीन व ऑनलाइन ओपीडी का उद्घाटन

# जयसिंहनगर सिविल अस्पताल को मिली नई सौगात





जयसिंहनगर।

क्षेत्रीय विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में शनिवार को जयसिंहनगर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। स्थानीय सिविल अस्पताल में क्षेत्रीय विधायक माननीया श्रीमती मनीषा सिंह के कर-कमलों द्वारा नई एक्स-रे मशीन और ऑनलाइन ओपीडी सेवा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन और फीता काटकर किया गया।

### अब 6 दिन सेवा देंगे डॉ. सेंगर

उद्घाटन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने विधायक के समक्ष एक गंभीर समस्या रखी। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरुण गौतम, रामनारायण पांडेय, राजेश द्विवेदी और सांसद प्रतिनिधि रावेंद्र शर्मा ने बताया कि डॉ. भूपेंद्र सिंह सेंगर की ड्यूटी सप्ताह में केवल तीन दिन रहती है, जिससे मरीजों को असुविधा होती है। विधायक श्रीमती सिंह ने जनता की इस मांग को तत्काल संज्ञान में लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल से ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा की और जनहित में डॉ. सेंगर की ड्यूटी सप्ताह में पूरे 6 दिन जयसिंहनगर अस्पताल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मरीजों की सुविधाओं में होगा विस्तार

इस नई एक्स-रे मशीन के लग जाने से अब क्षेत्र के मरीजों को सामान्य जांचों के लिए जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। साथ ही, ऑनलाइन ओपीडी सेवा शुरू होने से पर्ची कटाने और पंजीकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आएगी। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि क्षेत्रवासियों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और यह कदम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण आयाम है।

### गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर बीएमओ डॉ. आनंद सिंह, भाजपा जिला मंत्री कविता सिंह, मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर सहित दीपक केशरवानी, निर्मल द्विवेदी, पंकज पांडेय, अनुपम द्विवेदी और अस्पताल स्टाफ के विजय दुबे व जेपी गुप्ता सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आज बुढार में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक

### संगठन विस्तार और भावी योजनाओं पर होगी चर्चा

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई शहडोल की एक आवश्यक बैठक रविवार 21 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक बुढार स्थित शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बगल में (बीआरसी परिसर) संपन्न होगी।



जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में प्रांतीय सचिव **महेंद्र त्रिपाठी मुख्य वक्ता और प्रभारी के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक के एजेंडे में मुख्य रूप से प्रत्येक विकासखंड में मंडल रचना पूर्ण कर संयोजक व सह-संयोजकों की नियुक्ति मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ योजना का क्रियान्वयन तथा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान की सफलता पर चर्चा शामिल है। इसके अतिरिक्त, बैठक में आगामी कर्तव्य बोध दिवस की रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही, निर्वाचन के पश्चात अब तक संगठन का रिकॉर्ड प्राप्त न होने की स्थिति में वैधानिक कार्रवाई और बैंक खाते की जानकारी पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, जिला व संभाग इकाई के पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया गया है।

होटल विलासा में अपोलो टायर्स का शक्ति प्रदर्शन

## 130 देशों में डंका बजाने वाले ब्रांड ने ग्राहकों को सिखाए मुनाफे के गुर



शहडोल।

विश्व विख्यात टायर निर्माता कंपनी अपोलो टायर्स ने इंटरनेशनल होटल विलासा में अपनी धाक और विश्वसनीयता का परिचय दिया। आयोजित भव्य ग्राहक सम्मेलन में क्षेत्र के सैकड़ों ट्रांसपोर्टर्स और वाहन स्वामियों ने शिरकत की, जहाँ कंपनी के विशेषज्ञों ने टायर तकनीक और परिवहन लागत कम करने के अत्याधुनिक फॉर्मूले साझा किए।

### तकनीक ऐसी कि लागत घटे और मुनाफा बढ़े

जिला प्रबंधक सिद्धार्थ सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अपोलो टायर्स का लक्ष्य केवल उत्पाद बेचना नहीं, बल्कि ग्राहकों के व्यवसाय को आर्थिक मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे टिपर, ट्रेलर, टैंकर और 12 से 22 चक्का वाहनों में अपोलो के टायर कम कॉस्ट-पर-किलोमीटर पर अधिक माइलेज देते हैं। उन्होंने मौके पर ही ग्राहकों की तकनीकी समस्याओं का समाधान कर कंपनी के प्रति विश्वास को और गहरा किया।

### 7 ग्लोबल प्लांट और 130 देशों का भरोसा

एरिया मैनेजर राजवीर सिंह जादौन और सर्विस मैनेजर मुकेश मेहतो ने कंपनी की वैश्विक ताकत का ब्यौरा पेश किया। उन्होंने बताया कि केरल, गुजरात और आंध्र प्रदेश से लेकर हंगरी और नीदरलैंड जैसे देशों में स्थित 7 विशाल प्लांटों से निर्मित टायर आज दुनिया के 130 देशों की सडक़ों पर दौड़ रहे हैं। यह गुणवत्ता ही है जो आज अपोलो को भारत का अग्रणी ब्रांड बनाती है।

### संसाधनों से ही तय होती है देश की उन्नति

संभाग के अपोलो टायर संचालक बलमीत सिंह खनूजा (चिंटू भैया) ने कहा कि किसी भी क्षेत्र या देश की संपन्नता वहां के मजबूत परिवहन संसाधनों पर टिकी होती है। ग्राहकों के लिए ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं, जहां उन्हें न केवल समस्याओं का समाधान मिलता है बल्कि नई तकनीक से रूबरू होने का मौका भी मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन और आभार प्रदर्शन हरनेक सिंह खनूजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुजीत सिंह चंदेल, अरविंद नायक, कुलतार सलूजा, नितिन जैन और संदीप तिवारी सहित भारी संख्या में क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसाई मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भोज का आनंद लिया।

विश्वविद्यालय में समाजशास्त्रीय चिंतन का आधार पुस्तक का विमोचन

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित है नई कृति





शहडोल।

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा शनिवार को एक भव्य सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक समागम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा का मंच बना, बल्कि अकादमिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षी भी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ओजपूर्ण स्वागत गीत से हुआ।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को समेटे है नई पुस्तक

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल द्वारा प्रकाशित पुस्तक समाजशास्त्रीय चिंतन का आधार का भव्य विमोचन किया गया। नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम पर आधारित इस पुस्तक के लेखक डॉ. जितेन्द्र सेन ने पुस्तक का परिचय देते हुए बताया कि इसमें वेद, वेदांत और भारतीय ज्ञान परंपरा के सामाजिक विज्ञान को समाहित किया गया है। उन्होंने इस बौद्धिक यात्रा का श्रेय कुलगुरू प्रो. राम शंकर के मार्गदर्शन को दिया।

### सामाजिक बदलाव में युवाओं की भूमिका अहम

मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण ही समाज में वास्तविक मूल्यबोध और सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलिमा खरे ने समाजशास्त्र के समकालीन महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ ने शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को सफलता का मूल मंत्र बताया।

### सांस्कृतिक छटा और प्रतिभा सम्मान

सांस्कृतिक सत्र में बीए द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य और भजनों ने सभागार को ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर खेल जगत में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्रा शिखा यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही समाजशास्त्र परिषद का विधिवत गठन कर पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रो. सुनीता बाथरे, डॉ. सिद्धि श्री, राकेश मिश्रा, श्रीकांत चौधरी और कल्याणी पांडे सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन शिक्षा के साथ-साथ भारतीय जड़ों से जुडऩे का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ।

## सड़क पर यमराज को चुनौती शहडोल पुलिस का महाअभियान

### कला और संकल्प से थमेगी दुर्घटनाओं की रफ्तार!

**शहडोल।** सडक़ों पर बिछती लाशें और अपनों को खोने का दर्द अब शहडोल की नियति नहीं बनेगा। जिले में बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं पर लगाम कसने और लापरवाह वाहन चालकों को आईना दिखाने के लिए शनिवार को पुलिस प्रशासन ने यातायात जागरूकता का महाकुंभ आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक के कड़े तेवर और मार्गदर्शन में यातायात थाना परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों की खैर नहीं है।

**कूची और रंगों से उकेरी जीवन की कीमत-** इस अभियान की सबसे धारदार कड़ी शहर के युवा बने। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने अपनी कला के जरिए समाज के सोए हुए जमीर को जगाने का प्रयास किया। वॉल पेंटिंग, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने दिखाया कि एक छोटी सी लापरवाही कैसे हंसते-खेलते परिवार को तबाह कर देती है। वॉल पेंटिंग में प्रतिभा का लोहाः डॉली महोबिया और इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान पाकर व्यवस्था पर प्रहार किया। वहीं, एकता सिंह (गर्ल्स कॉलेज) और राजलक्ष्मी सिंह (सेंट्रल एकेडमी) की टीमों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सुरक्षा का संदेश दीवारों पर जीवंत किया।





रंगोली से जागरूकता की लौः भारत माता स्कूल के विवान पाठक और उनकी टीम ने अपनी रंगोली से प्रथम स्थान हासिल कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इंजीनियरिंग कॉलेज की गरिमा जायसवाल और अदिति सिंह बघेल की टीमों ने द्वितीय स्थान पाकर सडक़ सुरक्षा की महत्ता बताई। कैनवस पर सुरक्षा का संकल्पः चित्रकला में हिमानी धुर्वे, ध्रुवी और सोनाक्षी कुमारी ने प्रथम स्थान पाकर यह साबित किया कि नई पीढ़ी बदलाव के लिए तैयार है।

**पुरस्कार में सुरक्षा कवच -** पुलिस प्रशासन ने इस बार पुरस्कारों के चयन में भी कड़ा संदेश दिया। विजेताओं को महज ट्रॉफी नहीं, बल्कि हेल्मेट प्रदान किए गए। यह इस बात का प्रतीक है कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि नागरिकों के सिर की रक्षा करना है। इसके अलावा, फील्ड पर पसीना बहाने वाले ट्रैफिक वार्डनों को टी-शर्ट, कैप और व्हिसिल वितरित कर उन्हें और अधिक मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए।

**एसपी की दो टूक -** कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधीक्षक ने आमजन को आड़े हाथों लेते हुए सख्त अपील की। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना पुलिस के लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार के लिए अनिवार्य समझें। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जनहानि को रोकने के लिए अब नियम पालन में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**अधिकारियों की मुस्तैदी और नुक्कड़ नाटक का प्रहार-** कार्यक्रम के दौरान एक मर्मस्पर्शी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसने मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम कर दीं। नाटक ने दिखाया कि कैसे ट्रैफिक सिग्नल जंप करना या बिना हेलमेट तेज रफ्तार वाहन चलाना मौत को दावत देना है।

## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दल ने किया विद्यालय भ्रमण

**उमरिया।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया द्वारा 19 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकेली एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल करकेली का शैक्षिक भ्रमण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संयोजक पी. डी. रावत ने अपने सहयोगी दल के साथ किया। उन्होंने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए उच्च शिक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य- विद्यालय स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से परिचित कराना। महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी देना। विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों से अवगत कराना। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए डॉ. पी.डी. रावत ने महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय सुविधाओं के बारे में बताया गया कि महाविद्यालय में खेलकूद एवं शारीरिक विकास की सुविधाएँ, विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र, विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं ई-ग्रंथालय, नवीन विषयों की उपलब्धता, स्मार्ट क्लास के माध्यम से आधुनिक शिक्षण व्यवस्था हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समिति के सदस्य डॉ. अरविंद शाह बरकडे, डॉ. तरुण कुमार सचान साथ ही उपरोक्त विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत सूचनाप्रद और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। इससे उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा महाविद्यालय की सुविधाओं और अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ी।

### कर्ज और लेनदेन के तनाव में युवक ने दी जान, सुसाइड नोट बरामद

**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत ज्वालामुखी कॉलोनी में एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 30-35 वर्षीय जय किशन हिरवानी के रूप में हुई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, युवक ने शुक्रवार रात अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

**अस्पताल से वापसी के बाद बिगड़ी हालत-** परिजनों को जैसे ही घटना की भनक लगी, वे जय किशन को तत्काल जिला अस्पताल ले गए। बताया जा रहा है कि प्रारंभिक जांच के बाद चिकित्सकों ने स्थिति को सामान्य बताते हुए उसे घर भेज दिया था। लेकिन घर पहुंचते ही जहर का असर तेजी से फैला और युवक की तबीयत फिर बिगड़ गई, जिसके कुछ ही समय बाद उसकी मृत्यु हो गई। इस आकस्मिक घटना से स्वास्थ्य प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**सुसाइड नोट में आर्थिक तनाव का जिक्र-** सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें पैसों के लेनदेन को लेकर गहरे मानसिक तनाव और प्रताडन्ना का उल्लेख किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**पुलिस का बयान-** कोतवाली पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट की गंभीरता से जांच की जा रही है और इसमें नामजद तथ्यों की सत्यता परखी जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत द्वितीय चरण प्रारंभ

उमरिया।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉक्टर के के पांडेय ने बताया कि उमरिया जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 31 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पशुपालको को खुशहाली के तीन मंत्र संतुलित पशु पोषण, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भधान स्वस्थ पशु समृद्ध किसान के साथ अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान की मानीटरिंग के लिये जिले में एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें अभियान के दौरान आने वाली कठिनाईयों का समाधन किया जा सकेगा। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ.के.के. पाण्डेय ने बताया कि अभियान के तहत प्रशिक्षित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मैत्री गौसेवक के द्वारा 5 से 9 गाय एंव भैस पालने वाले पशुपालको से गृह भेट कर पशुओं को नस्ल सुधार (सेक्स सर्टेड सीमन) से कृत्रिम गर्भाधान, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जा रहा है, एंव इससे होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम लोढा एंव ग्राम देवरा का भ्रमण कर अभियान की समीक्षा की गई । इस दौरान डॉ.अविनाश सिंह, चंदन कुरील,एस.एल.माडवी तथा गौसेवक परम लाल यादव उपस्थित रहे। ग्राम करकेली के मूलचंद्र अग्रवाल विकासखण्ड पाली वार्ड क्रमांक 01 के शिवशंकर यादव, राममुर्ति यादव का भ्रमण कर अभियान की समीक्षा की गई। इस दौरान डॉ. अविनाश सिह, सुरेश कुमार उपस्थित रहे।





# आदर्श कॉलेज द्वारा कॉलेज चलो अभियान का किया गया आयोजन



उमरिया।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय छात्रों की प्रवेश सत्र 2026- 27 के लिए कॉलेज चलो अभियान का आयोजन शासकीय आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सी.बी सोंदिया प्रभारी प्राचार्य डॉ.परमेश्वर सिंह मरावी के संरक्षण में ,कॉलेज चलो अभियान के संयोजक डॉ.नियाज अहमद अंसारी ,सह संयोजक डॉ.राजीव तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार 5 दिसंबर से 5 जनवरी तक चलने वाले प्रथम चरण अभियान में छात्र छात्राओं को महाविद्यालय संबंधी जानकारी, एनईपी 2020 अध्यादेश 14 के अंतर्गत विषय संकाय की जानकारी छात्रवृत्ति एवं महाविद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापकों की टीम उमरिया जिले के विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंची। आदर्श महाविद्यालय की प्राध्यापकों की टीम ने छात्र-छात्राओं के बीच जाकर उन्हें अपने अभिरुचि और क्षमताओं के अनुसार विषय एवं संकाय चयन की जानकारी प्रदान की।कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान 5 जनवरी तक प्रथम चरण में विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके उपरांत अन्य चरणों में भी यह अभियान निरंतर जुलाई तक प्रारंभ रहेगा ।

उमरिया जिले में स्थित शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में डॉ अरूणेन्द्र सिंह, डॉ.स्वराज पाल, डॉ.सपना,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहड़ा में डॉ.विजय डाबर , डॉ.सत्येंद्र , डॉ.राम वृष ,हरीश शुक्ला ,पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में डॉ.हरेंद्र , डॉ.जुगल, किरण, डॉ.प्रशांत सिंह सहित उमरिया जिले के विभिन्न विद्यालयों में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर छात्रों को प्रवेश हेतु प्रेरित किया ।



# भूकंप रोधी निर्माण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

उमरिया।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने बताया कि उमरिया जिले में तीन दिवसीय भूकंप रोधी निर्माण विषयक प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आखिरी दिवस पर सिविल इंजिनियर के लिए एआई तथा भूकंप रोधी नवीनतम तकनीकों पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने कहा कि जो वर्तमान में आपदाओ के प्रभाव को कम करने के लिए नवीनतम तकनीके विकसित हुई है उसकी जानकारी सभी इंजीनियरों को होनी चाहिए। इस प्रकार के प्रशिक्षण से क्षमताओं का विकास होगा। इसलिए इस प्रकार के प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए एवं आपदा प्रबंध संस्थान द्वारा यह प्रशिक्षण अयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया।



# डीव्हीएम स्कूल में सामूहिक गतिविधि हुई आयोजित

**हरिभूमि न्यूज अमलाई।** शनिवार को विद्यालय में क्च्चों के द्वारा बिना आग के खाद्य भोज्य बनाये गये। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बनाया गया। बिना आग के भोजन से तात्पर्य भोजन को संरक्षित और तैयार करने के लिये धूप में सुखाना या कोल्ड स्मोकिंग का उपयोग करना है। इस प्रकार का खाना पकाना या बनाना उन परिस्थितियों में उपयोगी होता है जहाँ आग या बिजली उपलब्ध नहीं होती है। भोजन तैयार करना रचनात्मकता और नवीनता को बढ़ावा देता है। खाना बनाना न केवल खुशी का अनुभव कराता है बल्कि इसमे गर्व की भावना भी विकसित होती है। यह हमें सामूहिक कार्य (टीम वर्क) और सहयोग के महत्व को समझने में भी सहायता करता है क्योंकि जो लोग रसोई में काम करते है. जैसे रसोईया (शेफ) बर्तन धोना, रसोई सहायक और अन्य लोगों को मिलकर काम करना पड़ता है। गतिविधि में कक्षा एलकेजी से कक्षा दसवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपनी अपनी कुशलता का निपुणता से प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य डी कॉमेंट द्वारा बच्चों के द्वारा बनाये गये व्यंजनों का निरीक्षण कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया तथा विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से गतिविधि को पूर्ण समापन कराया गया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। गतिविधि प्रभारी श्रीमती रूपाली जैन, प्रिया शर्मा व शैली मिश्रा द्वारा बच्चों की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया तथा उन्हें अपने अपने कार्य के लिये निपुणता से पूर्ण करने की समझाइश दी गई।



### जुटेंगे 22 साल के छात्र एक साथ, आयोजन को यादगार बनाने तैयारियां अंतिम चरण में

# आज होगा पूर्व छात्रों का समागम

हरिभूमि न्यूज राजनगगर।

कोयलांचल क्षेत्र रामनगर राजनगर पौराधार बिजुरी से लगे मनेन्द्रगढ़ में 1970 में शुरू हुई सरस्वती शिशु मंदिर संस्थान के पचपन साल के इतिहास में पहली बार पूर्व छात्रों का सम्मेलन होने जा रहा है, यह आयोजन 21 दिसम्बर यानि आज सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर मनेन्द्रगढ़ में होगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य विनोद शुक्ला ने बताया कि 1983 से 2005 तक विद्यालय से पढ़कर निकले भैया और बहिन पूर्व छात्रों के सम्मेलन में शामिल होंगे। विद्यालय के सभी पूर्व छात्रों के सहयोग से आयोजन को लेकर रूपरेखा बनायी गयी है, जिसकी तैयारियां अंतिम चरणों मे चल रही है। सुबह 8 बजे से सम्मेलन शुरू होगा जो शाम 6 बजे तक चलेगा जिसमे पूर्व और वर्तमान में कार्यरत आचार्यो का सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसके अलावा विद्यालय से शाम को घोष दल के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी जो भगत सिंह तिराहे होकर जैन मंदिर गुरुद्वारा विवेकानंद चौक राम मंदिर होते हुए विद्यालय में समाप्त होगी। इस दौरान शोभायात्रा का नागरिकों के द्वारा स्वागत भी किया जाएगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए जगह जगह स्वागत द्वार भी बनाये जा रहे है। इस कार्यक्रम में देश भर से शिशु मंदिर में पूर्व में पढ़े छात्र -छात्राएं सम्मिलित हो रहे है जो कार्यक्रम को भव्य बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोयलांचल क्षेत्र रामनगर, राजनगर,पौराधार, बिजुरी झीमर, जमुना कोतमा सहित अन्य क्षेत्रों के भूतपूर्व छात्रों ने अधिक से अधिक भूतपूर्व छात्रों को कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है,साथ ही बचपन की यादें भी एक साथ एक मंच में मिलकर पूरे दिन भर के कार्यक्रम में ताजा करने का एक अवसर भूत पूर्व छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुआ है,अपने आप में यह एक अद्भुत ही कार्यक्रम है इस कार्यक्रम में शामिल होकर एक बार हम सब फिर से बचपन की यादों को ताजा कर सकते हैं, विद्यालय परिवार के साथ आयोजन समिति में विद्यालय के कई पूर्व छात्र रात दिन कड़ी मेहनत करके कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।






# नाबालिग बालिका का बलात्कारी बिजुरी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज बिजुरी।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा महिलाओ व बच्चो पर घटित अपराध पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है जिसके तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम व एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन मे थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह के नेतृत्व मे टीम गठित किया जाकर 13 वर्ष की नाबालिका बालिका से बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार 18.12.25 को फरियादिया उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि 13.12.25 को हम लोग घर पर थे हमारी लडकी जो 13 वर्ष की है पडोस मे आग तापने गयी थी जहा आरोपी ने उसे पैसो का लालच देकर घर से दूर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया तथा घर पर किसी को न बताने के लिये बोलते हुए कहा कि यदि किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूगा। रिपोर्ट पर थाना बिजुरी मे अपराध क्र 423/25 धारा 64(1), 65(1), 351(3) बीएनएस, 3,4(2) पाक्सो एक्ट का कायम कर अनुसंधान में लिया गया। आरोपी प्रेमलाल महरा की जो घटना के बाद फरार हो गया था उसकी लगातार तलाश कर रिपोर्ट के 12 घंटे के अंदर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया।



### एलडीएम ने की जिला सहकारी बैंक उमरिया के लंबित प्रकरणों की समीक्षा

उमरिया।

एलडीएम सेवकराम सोनवानी की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग एवं पशुपालन विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित प्रकरणों के अविलंब स्वीकृति एवं वितरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लंबित प्रकरणों के स्वीकृति हेतु सकारात्मक सहमति रही। शाखा प्रबंधकों द्वारा हितग्राहियों का बचत खाता खुलवाने में मत्स्य विभाग द्वारा सहयोग करने की बात कही गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त सहकारिता,जिले के समस्त शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक उपस्थित रहे।

# जल संचयन अभियान के तहत दीवार लेखन व शपथ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर 4 अंतर्गत जमुना कॉलरी क्षेत्र में नवांकुर संस्था पसान द्वारा सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों ने भाग लेकर आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान जल संचयन अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी आयोजित कर सामूहिक श्रमदान से नदियों में बोरीबांधन, साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण की कार्ययोजना तैयार की गई। समितियों को नियमित बैठकें आयोजित कर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही एमपीजैप ऐप की जानकारी दी गई। जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल संचयन अभियान के तहत दीवार लेखन किया गया तथा उपस्थित लोगों को जल संरक्षण, संवर्धन एवं उसके महत्व को आत्मसात करने की शपथ दिलाई गई। दैनिक जीवन में जल संरक्षण की आदतें अपनाने का आह्वान भी किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान, जमुना, पसान, भालूमाड़ा, बरतराई की समितियों के सदस्य, परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। अभियान का उद्देश्य वर्षा जल व बहते जल का संरक्षण कर भू-जल स्तर बढ़ाना, कृषि व पशु-पक्षियों हेतु जल उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखना बताया गया

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को किया गया शॉल का वितरण

**विजयराघवगढ़।** संकट मोचन जगन्नाथ धाम स्थित संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को भागवताचार्य पं संकर्षण रामानुजदास ने संतश्री नारायण स्वामी महाराज के द्वारा शाल का वितरण कराया गया। छात्रों ने स्वस्तिवाचन करते हुए महाराज का स्वागत वंदन मंगलानुशासन किया। समिति के उपाध्यक्ष पं प्रमोद मिश्रा,डॉ अनिल मिश्रा,विमलेन्दु पयासी,पं ब्रह्ममूर्ति तिवारी,अनिल शर्मा,मदनलाल ग्रोवर,मनोज गुप्ता,देवेश मिश्रा, अरुण मिश्रा, वेदाचार्य पं राकेश उरमलिया ,प्राचार्य पं कृष्णदास पांडेय,, रामनारायण गर्ग,ओ पी तिवारी, शिवकुमार पांडेय,माधुरी मिश्रा, लक्ष्मण पांडेय,संदीप मिश्रा,अजीत पांडेय,जमुना गुप्ता,सुरेन्द्र त्रिपाठी, ,सुरेन्द्र मिश्रा,अशोक गुप्ता,संदेश उपाध्याय,राजू गुप्ता,तारा सिंह चौहान,संतोष मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाली महिला को भेजा जेल

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय पुलिस अधीक्षक आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना बाकल पुलिस ने ग्राम सिहुड़ी में अवैध शराब बेचने वाली महिला के विरुद्ध कार्रवाई की है। थाना प्रभारी (प्रशिक्षु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) शिवा पाठक के नेतृत्व में 17 दिसंबर को प्राप्त एक वीडियो के आधार पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई की। मौके पर महिला को अवैध रूप से शराब बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान गीता बाई चौधरी, पत्नी स्व. पंचम चौधरी, निवासी ग्राम सिहुड़ी थाना बाकल के रूप में हुई। आरोपी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई, जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक जोगेंद्र तिवारी, के.के. शुक्ला तथा आरक्षक कमलकांत, शिवसिंह, राजभान, रोहित की भूमिका रही।

### दो दिनी राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**कटनी।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी के छात्र ने बाधा दौड़ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में शासकीय तिलक महाविद्यालय बीए प्रथम वर्ष के छात्र अमन पटेल और करन सिंह यादव ने सहभागिता की। छात्र अमन पटेल ने 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अमन पटेल की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने छात्र अमन पटेल को जीत की बधाई प्रेषित की और इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। छात्र अमन पटेल और करन सिंह यादव राजीव गांधी हेल्थ यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में 12 से 16 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की टीम की ओर से सहभागिता करेंगे।

### कृष्णा चतुर्वेदी लापता



**ब्यौहारी।** कृष्णा चतुर्वेदी (रज्जन)पिता श्री सीताराम चतुर्वेदी निवासी ग्राम साखी थाना ब्यौहारी शहडोल दिनांक 16/12/2025को 11/12 बजे से लापता है जिसकी सूचना पुलिस थाना ब्यौहारी को भी दी गई है,अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। मो, नम्बर - 887156449120 है।

## एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत समूहों को किया गया जागरूक

# न्यूट्रीशन इंटरनेशनल के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम

जनपद पंचायत के सभागार मेंन्यूट्रीशन इंटरनेशनल, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम के तहत माध्यन भोजन के समूह संचालकों, रसोईया को फोर्टीफाइड चावल एवं नमक के उपयोग के बारे जागरूक किया गया बताया गया कि शा. उचित मूल्य दुकानों से मिल रहा है पोषण युक्त चावल और नमक ।






**ब्यौहारी।**

जिले की सभी शासकीय उचित मूल्यदुकान से राशन प्राप्त हितग्राहियों को सूचित किया जाता है की वर्तमान में शासन द्वारा फोर्टीफाइड चावल (आयरन, विटामिन B-12 एवं फोलिक एसिड युक्त) एवं"वन्या प्लस"डबल फोर्टीफाइड नमक (आयोडिन एवं आयरन युक्त) का वितरण किया जा रहा है, जिसके सेवन से खून की कमी (एनीमिया) दूर होती है।फोर्टीफाइड चावल जनवरी 2023 से मध्य प्रदेश के सभी जिलों में वितरित किया जा रहा है चावल को फोर्टीफाइड करने के लिए सामान्य चावल में आयरन विटामिन बी 12 फोलिक एसिड से युक्त फोर्टीफाइड चावल के दाने एक प्रतिशत की मात्रा 100 किलोग्राम सामान्य चावल में 1 किलोग्राम फोर्टीफाइड चावल के दाने मिलाये जाते हैं फोर्टीफाइड चावल के दाने सामान्य चावल की तरफ दिखते हैं फोर्टीफाइड चावल के दाने पकाते या धोते समय अलग-अलग दिखे तो चावलों को अलग ना करें और इनका सामान्य चावल की तरह सेवन करें कृपया ध्यान रखें यह प्लास्टिक चावल नहीं है बल्कि पोषण युक्त चावल है अतः भ्रामक जानकारी से बचें इसी प्रकार आयोडीन एवं आयरन युक्त फोर्टीफाइड नमक वन्या प्लस नाम से मध्य प्रदेश के 20 जिलों आदिवासी बाहुल्य की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में 1 प्रति किलो की दर से प्रदान किया जा रहा है आम जनों में यह भ्रम है कि उक्त डबल फोर्टीफाइड नमक में कले बारीक कण मिलाये गए हैं जो वास्तविकता में आयरन लौह तत्व के कण हैं इसके सेवन से खून की कमी दूर होती है फिर भी अगर आप कोई भी अन्य सवाल यह जानकारी चाहिए तो गांव के कंट्रोल दुकानदार से संपर्क करेंउक्त कार्यक्रम में न्यूट्रीशन इंटरनेशनल के संभागीय समन्वयक पवन मुदगल ,श्रीमती आभा खरे मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी ,यूएस पेंड्रो खंड पंचायत अधिकारी, मनोज केशरवानी समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र ब्योहारी, शिवबहादुर सिंह एमडीएम प्रभारी प्रभारी जनपद शिक्षा केन्द्र ब्योहारी, अंकुश दासवानी एमडीएम प्रभारी जनपद पंचायत ब्यौहारी उपस्थित थे ।

# 108 महा संकल्प श्रीराम कथा महोत्सव की 58 वीं रामकथा संपन्न



**ब्यौहारी**

विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत। मउ चिपाडनाथ धाम मंदिर प्रांगण में सनातन धर्म प्रचारक देवानंद शास्त्री जी महाराज चित्रकूट के सानिध्य में पं रमाशंकर दास जी महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया गया सात दिन रामकथा के वाद भंडारे का आयोजन किया गया प्रतिवर्ष होनेवाली इस रामकथा कथा के आयोजन में चिपाड नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पद्मपाणि द्विवेदी एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से श्री राम कथा का आयोजन किया गया देवानंद शास्त्री द्वारा बताया गया की पूरे भारत में पंजाब, दिल्ली, भोपाल भारत के क ई प्रदेशों 57 कथायें संपन्न हो चुकी हैं 18 दिसंबर को कथा का समापन एवं भंडारे का आयोजन हुआ भंडारे में हजारों भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया श्री राम कथा के समापन में कार्यक्रम में सरपंच शैलेंद्र सिंह भन्नी ,भमरहा के सरपंच राम लखन गुप्ता, डॉ अशोक तिवारी पत्रकार, आदित्य देव सिंह, अंकुर तिवारी, सूर्यकांत पांडे छोटू मुढेरिया मझौली हीरालाल साहू सामाजिक कार्यकर्ता सहित हजारों क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए।

# महिलाओं को दिया गया कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**



मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विकासखंड बड़वारा, रीठी, कटनी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा की स्व-सहायता समूह की 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक तथा अनुपम पांडे के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि के अंतर्गत फसल उत्पादन, अनाज, दलहन, तिलहन के अतिरिक्त पशुपालन, मछलीपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, रेशमकीट पालन, सब्जी उत्पादन, फल एवं फूल, औषधीय पौधों की खेती तथा वानिकी से आय बढ़ाने की जानकारी दी गई। साथ ही कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत विभिन्न जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र, नीम की पत्ती, पांच पत्ती काढ़ा, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र तथा आग्नेयास्त्र आदि कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षक श्री दुबे ने मिट्टी परीक्षण, मिट्टी नमूना लेने की विधि तथा परिणाम पत्र के आधार पर की गई सिफारिश के अनुसार खाद देने की जानकारी दी। साथ ही मिट्टी परीक्षण के लिए मिट्टी का नमूना लेने एवं जैविक कीटनाशक, पांच पत्ती काढ़ा को बनाने का प्रयोग प्रदर्शन भी किया।

# विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) महाकौशल प्रांत, जिला कटनी इकाई ने शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महाविद्यालय परिसर में छात्रों को हो रही असुविधाओं का उल्लेख करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। एबीवीपी ने ज्ञापन में कहा कि संगठन शिक्षा व्यवस्था को सशक्त एवं अनुशासित बनाने के लिए सदैव प्रयासरत है। ज्ञापन में महाविद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर गार्ड की नियुक्ति, महाविद्यालय खुलने से बंद होने तक सभी सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने, परिसर में फर्स्ट एड किट एवं सभी छात्रों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की मांग की गई है।इसके साथ आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ऑडिटोरियम हॉल की व्यवस्था तथा जनभागीदारी समिति में एक विद्यार्थी के शामिल करने की मांग की है। एबीवीपी ने प्रशासन से 15 दिनों के भीतर उचित कार्यवाही कर आवश्यक सुधार करने की मांग की है। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अतुल गर्ग, विभाग संयोजक सुशील झारिया, नगर मंत्री मृदुल चौबे, महाविद्यालय मंत्री वीरेन्द्र चौधरी, सत्यम विश्वकर्मा, प्रणय अरोरा, आयुष त्रिपाठी, छात्रा प्रमुख अंशिका लखेरा सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

**बहोरीबंद विकासखंड में जंगली सुअरों ने मचा रखा है आतंक**

# जंगली जानवर फसलों को कर रहे बर्बाद किसान को हो रहा नुकसान, सुरक्षा रामभरोसे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद**



**रबी सीजन कृषि कार्य जारी है।रबी सीजन के तहत चना,मसूर व मटर की फसल की बोवनी हो गई है। वर्तमान मे गेंहू की बोवनी का दौर जारी है। इस बीच बहोरीबंद विकासखण्ड में इन दिनों जंगली सूकरों का आतंक फैला हुआ जिससे अन्नदाताओं के मेहनत पर पानी फिर रहा है।**

उपतहसील बाकल के आस-पास के इलाके में पिछले दो साल से जंगली सूकर का आतंक है। खरीफ और रबी दोनों ही सीजन की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। किसान चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा। केवल बर्बाद हुई फसलों को देखकर आंसू बहा रहा है। किसी तरह का कोई मुआवजा भी उन्हें नहीं मिला रहा। महंगी बिजली, खाद और बीज का इस्तेमाल कर फसलें पालने के बाद उन्हें जंगली सूकर बर्बाद कर रहे। रात दिन गर्मी, ठंड और बरसात के दिनों खेतो मैं मेहनत करने वाले किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।किसानों ने बताया कि समय रहते पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो क्षेत्र के कई किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ेगा।

बहोरीबंद तहसील क्षेत्र के ग्राम बघराज, कूड़ा, मसंधा, गौरहा, नयागांव, हाथीभार, ग्राम सहित अन्य क्षेत्रों में जंगली सूकर बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। वर्तमान में गेहूं, चना, मटर सहित अन्य फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा रहे। इसके पहले बारिश में मक्का, सोयाबीन सहित अन्य फसलों को जंगली सूकर ने बबार्द किया है। कई किसानों को अब तक लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। बावजूद इसके सूकर को क्षेत्र से बाहर नहीं निकाला गया है जिससे किसान परेशान है। जब कृषक सुबह अपने खेत पहुँचते है तो खेत की दुर्दशा देख अन्नदाता के आंसू बहने लगते है।किसानों को भी कर लहुलुहान- जंगली जानवर फसलों को तों नुकसान पहुँचाते ही है साथ ही किसानों को लहुलुहान कर रहे है। शुक्रवार की रात बदराज कला मे किसान रमेश बर्मन जो कि रात के समय सिंचाई करने खेत गया था जहाँ भालू ने किसान पर अचानक हमला कर दिया जिससे किसान रमेश बर्मन घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र मे दहशत का माहौल है। जंगली सूकर खेतों तक पहुँचकर फसलों को नष्ट कर रहे है।इसके पीछे किसानों की भी लाफ़रवाही सामने आ रही है।किसान अपने खेतों को यदि चारो तरफ से घेराबंदी कर देते तो जंगली सूकर नष्ट नही कर सकते ।लेकिन किसान स्वयं फसल को बचाने अपनी जवाबदेही का निर्वहन नही कर रहा।

## स्वच्छता साथियों को दिया गया प्रशिक्षण, उपकरण किये वितरित

# ग्रामीण क्षेत्रों की निखरेगी तस्वीर, वॉश ऑन व्हील सेवा का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**



राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू/ संस्थागत/ सामुदायिक शौचालय की ऑन साइट साफ सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ की जा रही है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिला पंचायत के सभा कक्ष में वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ करने समस्त जनपद पंचायतों से आए हुए स्वच्छता साथियों को विस्तार से साफ-सफाई करने आवश्यक जानकारी दी जाकर प्रशिक्षित किया गया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुराग मोदी ने स्वच्छता साथियों को पुष्पमाला से सम्मानित किया एवं किट,पोशाक और सहयोगी उपकरण उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में वितरित किए। श्री मोदी ने कहा कि वॉश ऑन व्हील के अंतर्गत की जाने वाली साफ-सफाई की गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में एक अच्छा बदलाव आएगा और गांव-गांव तस्वीर निखरेगी। इसके पूर्व मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक कमलेश सैनी ने स्वच्छता साथियों को वॉश ऑन व्हील अभियान के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस दौरान मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार असाटी सहित सभी जनपद पंचायतों के समस्त बीसी सहित आहूत ग्राम पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे।

आपको बता दें कि इस सेवा के उपयोग हेतु एक मोबाइल एप स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील तैयार किया गया है जिसको मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकार्पित कर पूरे प्रदेश में लागू किया गया है।

स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक श्री सैनी ने बताया कि स्वच्छता साथी की सलंग्नता, स्वच्छ एमपी पोर्टल पर पंजीयन, ग्राम क्लस्टर का निर्माण,स्वच्छता साथी और शौचालय का प्रशिक्षण,पीपी किट की उपलब्धता, साफ सफाई हेतु निर्धारित दर,प्रचार प्रसार की गतिविधियां, सुरक्षा, सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई अनवरत रूप से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता साथी द्वारा शौचायलयों की साफ सफाई आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों के माध्यम से की जाएगी। वाश ऑन व्हील शौचालय की सफाई हेतु मांगकर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को एक निश्चित राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा। श्री सैनी ने बताया कि वॉश ऑन व्हील के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सतत रूप से किया जाएगा। श्री सैनी बताते हैं कि अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिक्षा ,स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास एवं अन्य विभागों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि संबंधित विभाग भी वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से संस्थागत शौचालय की नियमित साफ सफाई स्वच्छता सार्थियों से अनिवार्य रूप से करवाएंगे।



## अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिये निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लंबित अपराधों की समीक्षा की गई और अपराधों के निराकरण के निर्देश दिए गए। एसपी विश्वकर्मा द्वारा जिले में पंजीबद्ध चिन्हित और सनसनीखेज़ प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान एसपी द्वारा प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर उसकी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस कप्तान ने सभी लिंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित पक्ष से लगातार संपर्क बनाए रखा जाए, गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और प्रकरण में तकनीकी, विधिक पहलुओं का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। सभी चिन्हित और सनसनीखेज़ प्रकरणों में तत्काल निष्पक्ष, प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई हो।बैठक में लंबित अपराधों के निराकरण के निर्देश दिए गए है। बैठक में लिंक अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी, रीडर निरीक्षक अरविंद चौबे की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश सम्मेलन कोतमा में आज

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर में आज राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रांतीय सम्मेलन मंगल भवन, ठाकुर बाबा धाम, कोतमा में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। जहां प्रदेश भर के पत्रकार शामिल होगे जिसकी तैयारी पूर्ण का ली गई हैं। श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं प्रवक्ता भगवानदास मिश्रा ने बताया कि प्रदेश सम्मेलन में प्रदेश, संभाग व जिला इकाई के पत्रकार साथी बड़ी संख्या में शामिल होगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल होंगे। अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के महंत स्वामी रामभूषण दासजी महाराज, सांसद हिमाद्री सिंह शहडोल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह, विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, संभागायुक्त सुरभि गुप्ता, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, डीएफओ तरुण वर्मा, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई, नगर पालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष पसान राम अवध सिंह, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष पत्रकार डॉ सुनील चौरसिया, नगर परिषद डोला की अध्यक्ष रेणु कोल, नगर परिषद राजनगर बनगंवा के अध्यक्ष यशवंत सिंह सहित परिषद के पदाधिकारी होंगे।

## धान परिवहन न होने से अटका किसानों का भुगतान



**अनूपपुर।** विन्ध्य विकास प्राधिकरण पूर्व उपाध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि अनूपपुर जिले में शासन की नीति व निर्देशानुसार 1 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर विभिन्न केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है, किन्तु धान खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन नहीं किया जा रहा है, जिससे बारह बारह हजार क्विंटल धान का अम्बार खरीदी केन्द्र में खुले आसमान के नीचे पड़ा है। भाजपा नेता श्री गुप्ता ने कहा खरीदी केन्द्रों से धान परिवहन न होने से हजारों किसान धान भुगतान से वंचित हैं। यह व्यवस्था किसानों को हतोत्साहित कर रहा है, जिसके कारण ही किसान मजबूरी में बिचौलियों या बाजार में धान बेचने को मजबूर होते हैं, जिससे उनका आर्थिक शोषण होता है, भाजपा नेता श्री गुप्ता ने जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि तत्काल धान परिवहन के लिए विशेष अभियान तथा पहल करें जिससे किसानों को समय पर विक्रय की गई धान का भुगतान हो सके। अनूपपुर जिले में परिवहन व्यवस्था चौपट है, प्रशासन मूक दर्शक बना है जिससे किसानों का आर्थिक व मानसिक शोषण जारी है।

### मानवता की मिसाल है अमरकंटक का मृत्युंजय आश्रम

# मृत्युंजय आश्रम में लगातार 20 सालों से प्रतिदिन खिलाया जा रहा निःशुल्क भोजन

## पवित्र नगरी में हो रही परिक्रमावासी एवं तीर्थयात्रियों की विशेष सेवा

### यात्रा सुगम व आध्यात्मिक बनाने का सराहनीय प्रयास





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। युगावतार परम पूज्य संत श्रीमंत परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ श्री स्वामी एकरसानन्द जी महाराज ने सर्वभूत हिते रताः को साकार करते हुये दैवी सम्पद् मण्डल के उन्नयन एवं विकास हेतु मैकल पर्वत अमरकंटक में माँ नर्मदा के उद्गम स्थल में परम पूज्य महाराज श्री स्वामी एकरसानन्द जी महाराज ने अपने इष्टदेव मृत्युंजय भगवान के नाम से मृत्युंजय आश्रम की स्थापना की।**

आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्र निर्माण के अनुपम केन्द्र इस आश्रम में नित्य प्रार्थना, विश्वेश्वर भगवान की रूद्राभिषेक, सत्संग, प्रवचन, भगवती नर्मदा की आरती, नर्मदाष्टक तथा शिवमहिम्न स्त्रोत का सामूहिक पाठ होता है। निर्धन छात्रों के आवास एवं भोजन व्यवस्था के साथ ही गौसेवा पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं। अनेक सेवा कार्यो के साथ ही परिक्रमावासियों की सेवा में आश्रम अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मृत्युंजय आश्रम आश्रम मे साल के 365 दिन विगत 20 वर्षो से प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा परिक्रमावासी एवं तीर्थयात्रियों को भोजन परोस कर खिलाया जाता है। आश्रम के संत, महात्माओं के द्वारा निःस्वार्थ ढंग से अनवरत प्रतिदिन यह पुण्य का काम किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में नर्मदा नदी का विशेष महत्व है। मध्य भारत में नर्मदा नदी जन-जन की आस्था से जुडी हुई है। नर्मदा मध्य भारत के मध्य प्रदेश और गुजरात राज्य में बहने वाली एक प्रर्मुख नदी है। यह भारत की पांचवी बड़ी नदी है। महाकाल पर्वत के अमरकंटक शिखर से निकली 1310 किलोमीटर लंबी नर्मदा नदी देश में एक मात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। नर्मदा परिक्रमा किसी भी तीर्थ यात्रा की तुलना में अत्यंत दुश्कर कार्य है। जीवन में सुख- शांति पाने लिए नर्मदा की परिक्रमा करते हैं जिसका मार्ग अत्यंत सुंदर पहाड़ों और मैदानी इलाकों से होकर जाता है। पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरिहरानंद जी महाराज के सानिध्य मे द्वारा मिशाल कायम करते हुये विपरीत परिस्थितियों मे भी विगत बीस सालो से लगातार प्रतिदिन 500 से ज्यादा परिक्रमावासी एवं तीर्थयात्रियों को भोजन परोस कर खिलाया जाता है जो सराहनीय होने के साथ ही अत्यंत पुण्य का काम है। नर्मदा परिक्रमा के दौरान मृत्युंजय आश्रम परिक्रमावासियों को निःशुल्क भोजन और रहने की व्यवस्था प्रदान करती है, जो इस आध्यात्मिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे उनकी यात्रा सुगम और आध्यात्मिक बन सके।



### कोरोना काल मे भी निभाई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

ज्ञात हो कि कोरोना काल मे भी स्वामी श्री हरिहरानंद जी महाराज के सानिध्य मे मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक द्वारा जनसेवा की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों की पूरे मन से सेवा करते हुये निःशुल्क भोजन व ठहरने की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराई थी। कोरोना जैसी गंभीर समय मे भी यहां के सेवाभावियों ने जान की परवाह किये बिना जनसेवा मे अनवरत लगे रहे। तब श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों समेत शासन प्रशासन ने भी इनके सराहनीय कार्य पर साधुवाद दिया था।

### 26 सौ किलो मीटर की परिक्रमा

नर्मदा जी की कुल लम्बाई तो लगभग 1310 किलोमीटर है जिससे परिक्रमा मार्ग करीब 2600 किलोमीटर का हुआ करता है। परिक्रमा मतलब है नदी को बिना उलांघे पूरा फेरा लगाना और नदी के किनारे किनारे ही पदयात्रा करना। ये परिक्रमा अमरकंटक से आरंभ होकर खंभात जाकर वापसी में अमरकंटक में ही पूर्ण होती है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु गांव के लोगों से श्रद्धापूर्वक भोजन ग्रहण करते हैं। कहीं भोजन नहीं मिलता तो यूं ही सो जाते हैं। यात्रा के दौरान नदी तट से 10 किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं जाना होता है। व्रत और निष्ठापूर्वक की जाने वाली नर्मदा परिक्रमा 3 वर्ष 3 माह और 13 दिन में पूरा करने का विधान है। हर साल बड़ी संख्या में आस्थावान लोग नर्मदा परिक्रमा पर निकलते हैं।

### ऐसी है मां की महिमा

नर्मदा जी वैराग्य की अधिष्ठात्री मूर्तिमान स्वरूप है। गंगा जी ज्ञान की, यमुना जी भक्ति की, ब्रह्मपुत्रा तेज की, गोदावरी ऐश्वर्य की, कृष्णा कामना की और सरस्वती जी विवेक के प्रतिष्ठान के लिये संसार में आई हैं। सारा संसार इनकी निर्मलता और ओजस्विता व मांगलिक भाव के कारण आदर करता है व श्रद्धा से पूजन करता है। मानव जीवन में जल का विशेष महत्व होता है। यही महत्व जीवन को स्वार्थ, परमार्थ से जोडता है। प्रकृति और मानव का गहरा संबंध है। नर्मदा तटवासी माँ नर्मदा के करुणामय व वात्सल्य स्वरूप को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। अमरकंटक का उल्लेख महाभारत काल में भी मिलता है। भारत भ्रमण करते समय शंकराचार्य ने कुछ दिन यहां गुजारे और कई मंदिरों की स्थापना की। जगतगुरु शंकराचार्य ने यही पर नर्मदा के सम्मान में नर्मदाष्टक लिखा था।

# चालान के नाम पर कथित उगाही जाम व हादसों से जनता त्रस्त



### गर्त मे यातायात व्यवस्था, चल रहा वसूली का खेल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिले की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। यातायात प्रभारी विनोद दुबे के कार्यकाल में न तो यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और न ही सड़क सुरक्षा को लेकर कोई ठोस पहल दिखाई दे रही है इसके विपरीत, यातायात विभाग पर जांच के नाम पर वसूली अभियान चलाने के गंभीर आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित यातायात, बार-बार लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है बिना हेलमेट, ओवरलोडिंग, नो-पार्किंग और तेज रफ्तार जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कार्रवाई नाममात्र की है, जबकि चुनिंदा वाहनों को रोककर जुर्माने के नाम पर कथित वसूली की जा रही है। आरोप है कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान, नियमित पेट्रोलिंग और सड़क सुरक्षा सुधार की जगह विभाग की प्राथमिकता केवल चालान और वसूली तक सीमित हो गई है इससे आम जनता में भारी आक्रोश है और यातायात व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है। भालूमाड़ा निवासी चक्रधर शर्मा ने कहा कि 20-25 वर्ष पहले कोतमा से शहडोल मार्ग पर रात में अकेले चलने से डर लगता था की कोई लूट न ले लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि दिन में कोतमा से अनूपपुर के बीच चलना भी डरावना हो गया है। जमील अंसारी ने कहा कि "अनूपपुर में सरकारी तंत्र कुछ ज्यादा ही सक्रिय है चाहे यातायात पुलिस हो, रेलवे सुरक्षा बल हो या स्टेशन के मुख्य द्वार पर टीटी की चेकिंगलोगों को जानबूझकर परेशान करना इनका मेनिफेस्टो बन गया है इतना चेकिंग जबलपुर, शहडोल और कटनी जैसे शहरों में भी नहीं होता। इंद्रापती सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि "जब मंत्री के जिले में यह हाल है, तो पूरे प्रदेश की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। विश्वजीत सिंह परिहार ने कहा कि बेवजह की चेकिंग कर यातायात पुलिस आम लोगों को लूट रही है। वहीं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यातायात प्रभारी विनोद दुबे यमराज बनकर सड़कों पर घूम रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि यातायात व्यवस्था में वास्तविक सुधार करना है तो प्रशासन को तत्काल बदलाव करते हुए जिम्मेदार और संवेदनशील अधिकारी को यह जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए। नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित वसूली पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

# कड़ाके की ठंड ने धीमी की जिंदगी की 'रफ्तार'

## पूरे जिले में ठण्ड का कहर, ओस की बूंदों ने ली बर्फ की शक्ल

### पड़ रही ठंड से बाजारों से रौनक गायब



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोगों को कोहरे का सामना भी करना पड़ रहा है। शनिवार सुबह पूरा जिला घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। पिछले दो दिनों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। क्षेत्र में न्यूनतम तापमान गिरने से ठंड का प्रकोप बढ़ा है। सूर्य देवता के दर्शन सुबह करीब 10 बजे हुए। ठंडी हवाओं ने लोगों को अपने घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। पड़ रही ठंड से बाजारों से रौनक गायब रही। घने कोहरे के कारण ट्रेन एवं बसे देरी से चली। हालांकि, इस मौसम को फसलों के लिए अच्छा माना जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार तेज ठंड के साथ पड़ रही धुंध रबी फसलों के लिए संजीवनी साबित होगी। कोहरे व सर्दी से गेहूं व सरसों की फसलों को लाभ होना निश्चित है। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद एक बार फिर पहाड़ों पर बर्फबारी होने और उत्तरी हवाएं चलने के कारण ठिठुरन बढ़ गई। अगले हफ्ते से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दिसंबर अंत में कड़ाके की ठंड के साथ शीतलहर चलने की संभावना है। पूरे जिले में दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला नजर आ रहा है। सुबह जिला घने कोहरे की चादर में डूबा हुआ नजर आता है। शनिवार को सुबह इतना घना कोहरा छाया हुआ था कि 5 मीटर की दृश्यता नजर ही नही आ रही थी। लो विजिबिलिटी के करण वाहन चालक धीमी गति से वाहन की हेडलाइट जलाकर वाहन चला रहे थे। यह नजारा सुबह दस बजे तक बना रहा वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वालो को भी सड़क नजर नही आ रही थी। सुबह 11 बजे सूर्य भगवान के दर्शन हुए और धूप निकली जिससे लोगों को कुछ हद तक ठंड से राहत का अहसास हुआ लेकिन शीत लहर चलने के कारण ठंड मे कमी नहीं आई। लोग ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते नजर आये वहीं कुछ लोग कूडा कागज पुट्ठे जलाकर ठंड से बचते नजर आये। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठाते देखा गया जहां बच्चे घने कोहरे के बीच ठंड से कपकपाते स्कूल जाते नजर आए वही स्कूली बच चालकों को घने कोहरे के कारण वाहन चलाने से परेशानी का सामना करना पडा जिसके कारण बसें भी देरी से स्कूल पहुंची। अभिभावक घने कोहरे एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए कलेक्टर से स्कूलों की छुट्टी करने की मांग कर रहे हैं। अगले चार दिनों तक तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि देखने को मिलेगी। इस दौरान घना कोहरा भी छा सकता है। साथ ही ठंड का असर भी तेज होगा।

### अमरकंटक में ओस की बूंदों ने ली बर्फ की शक्ल

प्रदेश का प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में है। लगातार पड़ रही भीषण सर्दी के चलते तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। इसका असर यह रहा कि शनिवार सुबह एक पखवाड़े में तीसरी बार जगह-जगह बर्फ जमी हुई दिखाई दी। पिछले लगभग पंद्रह दिनों से अमरकंटक में ठंड का प्रकोप निरंतर बढ़ता जा रहा है। रात्रिकालीन समय में गिरने वाली ओस की शबनमी बूंदें जमकर बर्फ का रूप ले लेती हैं। सुबह होते ही घास, पत्तियां, छानी-छप्पर, टीन की छतें, तिरपाल तथा खुले मैदान सफेद बर्फ की चादर से ढके नजर आते हैं। कड़ाके की ठंड का असर जनजीवन पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं और ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बाहर से आए श्रद्धालु, तीर्थयात्री एवं पर्यटक भी ठंड से खासे परेशान हैं, हालांकि कई लोग इस दुर्लभ प्राकृतिक नज़ारे का आनंद लेते भी नजर आए। प्रातःकाल इंद्र दमन तालाब के आसपास तथा पवित्र नर्मदा नदी के रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट पर जमी बर्फ ने पूरे वातावरण को अत्यंत मनोरम बना दिया। सुबह-सुबह श्रद्धालु एवं पर्यटक बर्फ से ढकी सतहों के बीच तस्वीरें खिंचवाते नजर आए। वहीं छात्र-छात्राओं में भी इस दृश्य को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लगातार गिरते तापमान के कारण पवित्र नगरी अमरकंटक पूरी तरह ठंड की आगोश में समा गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का असर बना रह सकता है, ऐसे में नागरिकों और पर्यटकों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# मांगें नहीं मानी गईं तो चरणबद्ध आंदोलन और खदान बंद करने की चेतावनी

## मीरा खदान बंद करने के निर्णय के खिलाफ संयुक्त यूनियन ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मीरा खदान में उत्पादन अचानक बंद किए जाने के विरोध में संयुक्त श्रम संगठनों ने कड़ा रुख अपनाया है। शनिवार को संयुक्त यूनियन के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते हुए प्रबंधन के निर्णय पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई यूनियन नेताओं का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना, बिना प्रबंधन इकाई समिति, क्षेत्रीय समिति अथवा कंपनी स्तर पर चर्चा किए और बिना किसी संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किए 15 दिसंबर से खदान का उत्पादन बंद कर दिया गया, जिससे सैकड़ों श्रमिकों का भविष्य संकट में पड़ गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मीरा खदान पूर्व वर्षों में अपने उत्पादन लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करती रही है और वर्तमान में भी खदान को सुचारू रूप से संचालित कर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है बावजूद इसके मशीनों को बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जिससे श्रमिकों में भारी रोष व्याप्त है यूनियन का कहना है कि उत्पादन बंद होने से न केवल श्रमिकों की आजीविका प्रभावित होगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संयुक्त यूनियन में एसएमएस के श्रीकांत शुक्ला एवं राजकुमार शर्मा, बीएमएस के विजय सिंह एवं रोशन उपाध्याय, एटक यूनियन के अयाज अली एवं प्रमोद खनडई, इंटक यूनियन के रमेश कुशवाहा एवं मोहन पाव तथा सीटू यूनियन के इंद्रपती सिंह एवं अनिल शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सभी संगठनों ने एकजुट होकर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निर्णय वापस लेने की मांग की। संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मीरा खदान को पुनः संचालित करने की व्यवस्था शीघ्र नहीं की गई तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा पहले चरण में ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन, उसके बाद कोयला परिवहन एवं कार्यालयीन कार्य प्रभावित किए जाएंगे इसके पश्चात भी मांगें नहीं मानी गईं तो खदान को पूर्णतः बंद करने का निर्णय लिया जाएगा। यूनियन नेताओं ने कहा कि आंदोलन की समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी श्रमिक हितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संयुक्त श्रम संगठन हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार है।

# ई-फाईलिंग अब होगा अधिवक्ताओं के लिये आसान



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल, जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर के मार्गदर्शन में 20 दिसम्बर को सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत ई-फाईलिंग, ई-सर्टिफाईट कॉपी, कोर्ट फीस के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायाधीश पवन कुमार शंखवार के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला न्यायाधीश द्वारा सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत लोक सेवा केंद्र राजेन्द्रग्राम, एमपी ऑनलाईन एवं सीएससी सेंटर को ई-फाईलिंग/ई-सर्टिफाईट कॉपी के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें जिला न्यायाधीश के द्वारा वर्तमान में ई-फाईलिंग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लोक सेवा केन्द्र से रामायण प्रसाद द्विवेदी, निलेश कुमार द्विवेदी, बिरेन्द्र सिंह श्याम, भारत सिंह धुर्वे, नारायण सिंह धुर्वे, गंगा सिंह मरावी, बीरभान सिंह धुर्वे, रत्नेश चंद्रवंशी, विदेह परस्ते नायब नाजिर, बसंत राठौर, अशोक कुमार उइके, जमूना प्रसाद ग्रेड-3 ओमप्रकश धुर्वे सहा. असिस्टेंड, उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार गर्ग आईटी अस्सिटेंट राजेन्द्रग्राम के ई-कोर्ट प्रोजेक्ट अंतर्गत ई-फाईलिंग/ई-सर्टिफाईट कॉपी के बारे में विस्तृत रूप से पीपीटी एवं सॉफटवेयर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।